जबलपुर | मंगलवार । 15 अप्रैल 2025 । वर्ष 76 । अंक 70 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु. 5.00 | navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से | जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण



5 समाज के लिए काम करता है संघ : भागवत



6 क्रिएट इन इंडिया चैलेंज को बढ़ावा



7 एनबीसीसी ने बेचे 1153 करोड़ के फ्लैट



8 पूर्व भारतीय क्रिकेटर कपिल एसजीओएफ ब्रांड एंबेसर बने

# एनडीए का मूलमंत्र विकास : मोदी

**21** लाख यात्रियों को सेवा देगा यह हवाई अड्डे हर साल | **2014** तक देश में केवल 74 एयरपोर्ट थे आज 150 से अधिक हैं : पीएम | **500** से अधिक रूट उड़ान योजना के तहत हो चुके चालू | **2000** से अधिक नए विमानों का दिया है ऑर्डर

**हिसार. 14 अप्रैल (वार्ता). प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को काँग्रेस पर हमला करते हुये कहा कि इस पार्टी ने संविधान की भावना से खिलवाड़ किया है और बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है.**

प्रधानमंत्री यहाँ हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन का शिलान्यास करने और हिसार से अयोध्या के लिए पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि आज हरियाणा की यह पवित्र धरती, जो भगवान श्रीकृष्ण और महाभारत के समय से जुड़ी है, अब सीधे श्रीराम की पावन भूमि अयोध्या से जुड़ गई है. उन्होंने इसे केवल हवाई कनेक्टिविटी नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताया.



श्री मोदी ने कहा कि यह वह भारत है, जो हवाई चप्पल पहनने वालों को भी हवाई जहाज में बैठाने का सपना लेकर चला था और अब उसे साकार कर रहा है. उन्होंने बताया कि हिसार जैसे शहर अब देश के उन धार्मिक और सांस्कृतिक केन्द्रों से सीधे जुड़ रहे हैं, जहाँ पहले पहुँचने में कई दिन लगते थे. इससे तीर्थयात्रा, पर्यटन, व्यापार और निवेश को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा.

प्रधानमंत्री ने बताया कि हिसार एयरपोर्ट को आधुनिक बनाया गया है. नए टर्मिनल भवन के निर्माण से इसकी यात्री क्षमता में बड़ा इजाफा होगा. शुरुआत में हिसार से अयोध्या, चंडीगढ़, अहमदाबाद और जम्मू के लिए सीधी उड़ानें शुरू की जाएंगी. भविष्य में इसे अन्य शहरों को भी जोड़ा जाएगा. उन्होंने कहा कि यह हवाईअड्डे हर साल लगभग 21 लाख यात्रियों को सेवा देगा. उन्होंने इस अवसर पर यह भी उल्लेख किया कि 2014 तक देश में केवल 74 एयरपोर्ट थे, लेकिन आज यह संख्या 150 से अधिक हो चुकी है. उड़ान योजना के तहत 500 से अधिक रूट चालू हो चुके हैं, जिससे छोटे शहरों की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है. उन्होंने बताया कि भारतीय एयरलाइंस कंपनियों ने अब तक 2,000 से अधिक नए विमानों का ऑर्डर दिया है.

### पीएम मोदी ने खुद रामपाल कश्यप को पहनाए जूते

**यमुना नगर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को नष्ट करने वाली पार्टी बन गई है. उन्होंने कहा कि सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) को ''दूसरे दर्जे का नागरिक'' बना दिया था. इसके बाद प्रधानमंत्री यमुना नगर पहुंचे, जहां उन्होंने रामपाल कश्यप नाम के एक शख्स को जूता पहनाकर सम्मानित किया.






## एक नजर में



### मान ने छात्रों को 730.44 रुपए करोड़ किए वितरित

**पटियाला.** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को डॉ. भीम राव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में अनुसूचित जाति समुदाय के विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पर आशीर्वाद योजना के तहत लगभग 730.44 करोड़ रुपये वितरित किए. श्री मान ने बाबा साहिब को याद किया और उन्हें श्रद्धा के फूल अर्पित किए. उन्होंने कहा कि हम अनुसूचित जातियों और हाशिए पर पड़े वर्गों के लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं.

### जाति जनगणना फिर से हो लागू : खरगे

**नयी दिल्ली.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश में जाति जनगणना को आवश्यक बताते हुए सरकार से एससी और एसटी के हित में पांच मांगे स्वीकार करने का आग्रह करते हुए इन वर्गों के लिए उप योजना को फिर से लागू करने की मांग की है.खरगे ने डॉ अम्बेडकर जयंती पर सोमवार को यहां जारी बयान में कहा संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ आंबेडकर जी की जयंती आज है. आज के दिन मैं काँग्रेस पार्टी की तरफ़ से 5 बातें कहना चाहता हूँ. पहली बात मैं कहना चाहता हूँ कि जाति जनगणना जरूरी है.

### वक्फ को लेकर ममता फैला रहीं भ्रम : गिरिराज

**बेगूसराय.** केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता गिरिराज सिंह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला. आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह हिंसा सरकार की नाकामी का सबूत है और ममता बनर्जी हिंदुओं को पलायन के लिए मजबूर कर रही हैं. साथ ही, उन्होंने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप विपक्षी नेताओं पर लगाया.

### ईरान-अमेरिका परमाणु वार्ता पर जोर

**तेहरान.** ईरान ने कहा है कि ओमान में अमेरिका के साथ उसकी वार्ता केवल ईरानी परमाणु कार्यक्रम और अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने पर केन्द्रित रही.विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने रविवार को सरकारी टेलीविजन से कहा कि वार्ता में ईरान का रुख अपरिवर्तित रहा तथा अपने परमाणु अधिकारों को संरक्षित करने और अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने पर केन्द्रित रहा.

### सलमान की कार को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई.** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है. इस बार मुंबई के वर्ली परिवहन विभाग के व्हाट्सएप नंबर पर धमकी भरा संदेश भेजा गया है. इसमें अभिनेता के घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी गई है. साथ ही धमकी देने वाले ने सलमान की कार को बम से उड़ाने की भी धमकी दी है. घटना के बाद वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. अधिकारी फिलहाल धमकी देने वाले की तलाश में जुट गए हैं. संदेश कहां और कैसे भेजा गया इसकी जांच भी शुरू कर दी गई है.

# मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार

**पीएनबी के 13,850 करोड़ घोटाले का है आरोपी**

**भारत सरकार ने प्रत्यर्पण को लेकर की थी पहल**

**नयी दिल्ली. 14 अप्रैल (वार्ता). पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ऋण धोखाधड़ी मामले में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध पर बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया है.**

केंद्रीय जांच ब्यूरो(सीबीआई) के हवाले से मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक 65 वर्षीय चोकसी को शनिवार को हिरासत में लिया गया था और अभी वह बेल्जियम की जेल में है. सीबीआई ने चोकसी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था.



भारत की बेल्जियम के साथ प्रत्यर्पण संधि है, हालांकि चोकसी के स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जमानत और तत्काल रिहाई की मांग करने की उम्मीद है.

चोकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी प्रत्यर्पण की प्रतीक्षा में लंदन में हैं. दोनों पर पीएनबी से 13,850 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है.

जांच के दौरान प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने पूरे भारत में 136 से अधिक स्थानों पर तलाशी ली और चोकसी के स्वामित्व वाले गीतांजलि समूह से संबंधित 597.75 करोड़ रुपये के कीमती सामान/आभूषण जब्त किये गये थे. वर्ष 2018 में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को हिला देने वाले इस मामले में में आरोपी चोकसी 02 जनवरी-2018 को भारत से भाग गया था.

एंटीगुआ में बसने से पहले अमेरिका गया था. बाद में उसे क्यूबा भागने की कोशिश करते हुए डोमिनिका में गिरफ्तार कर लिया गया. भारत द्वारा प्रत्यर्पण के लिए प्रतिनिधित्व करने के बावजूद डोमिनिका ने उसे वापस एंटीगुआ भेज दिया. वह कैंसर का इलाज कराने के लिए बेल्जियम चला गया.

# जैन मुनियों पर बर्बरतापूर्वक लाठी-डंडों से की मारपीट

## घटना को लेकर सिंगोली सहित पूरे जिले में आक्रोश, छह आरोपी गिरफ्तार

चैनसिंह सोलंकी

**नीमच, 14 अप्रैल. पुलिस ने देर रात लिया बड़ा एक्शन, विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, कलेक्टर, एसपी, पहुंचे सिंगोली नीमच जिले के सिंगोली तहसील मे 13 अप्रैल देर रात जिले के सिंगोली थाना क्षेत्र के कछाला गांव में हनुमान मंदिर पर विश्राम कर रहे शैलेश मुनि, मुनीन्द्र मुनि, बालभद्र मुनी तीनो ही जैन संतों के साथ कुछ समाज कंटको ने लाठी डण्डों से मारपीट कर जानलेवा हमला किया .जिसमें जैन संत लहुलुहान हो गये.**

यह खबर जैसे ही क्षेत्र में फैली सिंगोली क्षेत्र में खलबली मच गई और हर सख्स इस घटना से आक्रोशित हो उठा सभी ने 14



अप्रैल को बाजार बंद रख अपराधियो को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की.

घटना की जानकारी पर जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा और एसपी अंकित जायसवाल भी सिंगोली पहुंचे. जहां उन्होंने समाजजनों से

### बाहर के संघों के श्रावकों का सिंगोली आने का क्रम जारी

कल रात घटित घटना से आहत राजस्थान ओर मध्यप्रदेश के श्रावको का संतों की सुखसाता पुछने के लिए सिंगोली आने का क्रम जारी कोटा ,भीलवाड़ा ,अजमेर, जोधपुर , नीमच, जावद बिजोलिया कास्यां आदि स्थानों से समाजजन सिंगोली पहुंचे और गुरुदेव की सुखसाता पूछी .मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सिंगोली में जैन संतों के साथ हुई घटना पर दुख जताते हुए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है. घटना में लिप्त 6 अपराधियों को पकड़ा जा चुका है. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में संत या किसी भी के साथ अमानवीय व्यवहार को बर्दाश्त नही किया जाएगा .

मुलाकात की, और सभी को मामले में वैद्यानिक कारवाई का आश्वासन दिया. हालांकि मामले में सिंगोली पुलिस ने घटना के बाद ही तत्काल एक्शन लेते हुए कुल 6 आरोपी गणपत पिता राजू नायक,गोपाल पिता भगवान भोई, कन्हैयालाल पिता बंशीलाल भोई, राजू पिता भगवान भोई, निवासी भोई खेड़ा चित्तौड़गढ़,बाबू पिता गणेश शर्मा टोकरियाँ राजस्थान को राउंडअप कर लिया. वहीं थाना सिंगोली पर फरियादी पवन पिता भंवर लाल की रिपोर्ट पर अपराध क्रमाक 65/25 धारा 115(2), 119(1), 191(2), 3(5) बीएनएस के तहद पंजीबद्ध किया ओर अपराधियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा.

# बंगाल में नहीं थम रही हिंसा

- **पुलिस से भिड़े इंडियन सेक्युलर फ्रंट के समर्थक**
- **बंगाल के दक्षिण 24 परगना में बवाल के बाद हाई अलर्ट**

**बंगाल. बंगाल में वक्फ कानून को लेकर जारी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है. ताजा घटना में इंडियन सेक्युलर फ्रंट के समर्थक पुलिस से भिड़ गए. इस दौरान जमकर बवाल हुआ. हिंसा में कई लोगों के घायल होने की खबर है और कई पुलिस वाहनों को आग लगा दी गई.**

यह हिंसा बंगाल के दक्षिण 24 परगना में हुई. यह झड़प तब हुई, जब पुलिस ने आईएसएफ समर्थकों को पार्टी के नेता और भांगर विधायक नौशाद सिद्दीकी की रैली में जाने से रोकने की कोशिश की. नौशाद सिद्दीकी की रैली कोलकाता के रामलीला मैदान में हुई. पुलिस का कहना है कि इस रैली के लिए पुलिस की अनुमति नहीं थी.

पुलिस ने बताया आईएसएफ समर्थकों को दक्षिण 24 परगना में बसंती राजमार्ग पर भोजेरहाट के पास रोका गया. यहां पर मीनाखान और संदेशखाली से भी बड़ी संख्या में आईएसएफ समर्थक इकट्ठा हुए थे. पुलिस द्वारा रोके जाने पर भीड़ ने बैरिकेट तोड़ने की कोशिश की, जिससे तनाव बढ़ गया. इसके बाद हिंसा शुरू हो गई. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शकारियों ने कुछ पुलिस वाहनों में आग लगा दी. इस दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हो गए. पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया, जिसमें एक आईएसएफ समर्थक के सिर में चोट लगी.

# आतंकी राणा से 10 घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली. मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारी रोजाना आठ से दस घंटे पूछताछ कर रहे हैं ताकि इस हमले के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके. राणा को पिछले सप्ताह अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया था.**

आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एनआईए के अधिकारी राणा की मेडिकल जांच सुनिश्चित कर रहे हैं और उसे उसके वकील से मिलने की भी इजाजत दी जा रही है. दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार सुबह उसे अमेरिका से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद जांच एजेंसी को 18 दिनों की हिरासत में सौंप दिया था.

सूत्रों ने बताया कि एनआईए जांचकर्ताओं द्वारा राणा से प्रतिदिन लगभग आठ से दस घंटे तक



पूछताछ की जा रही है, ताकि 2008 में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए कायराना हमलों के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके. इस हमले में 166 लोग मारे गए थे और 238 से अधिक लोग घायल हुए थे.

एक सूत्र ने बताया, पूछताछ के दौरान राणा सहयोग कर रहा है. उन्होंने बताया कि मुख्य जांच अधिकारी जया रॉय के नेतृत्व में एनआईए अधिकारियों की एक टीम उससे लगातार पूछताछ कर रही है.

### निगरानी में 24 घंटे सुरक्षाकर्मी तैनात

सूत्रों ने बताया कि राणा ने अब तक भोजन से संबंधित कोई विशेष मांग नहीं की है और उसे बनाए गए मानक प्रोटोकॉल के अनुसार वही खाना दिया जा रहा है, जो किसी अन्य आरोपी को दिया जाता है. सूत्रों ने कहा कि खूंखार आतंकी हमले की साजिश रचने वाले राणा को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में एजेंसी के मुख्यालय के अंदर एक उच्च-सुरक्षा सेल में रखा गया है और चौबीसों घंटे सुरक्षाकर्मी उसकी सुरक्षा में तैनात रहते हैं.

सूत्रों ने बताया कि राणा ने अब तक केवल तीन चीजें मांगी हैं - एक कलम, कागज की शीट या नोटपैड और कुरान. जो एनआईए की ओर से उसे मुहैया करा दी गई हैं.



# राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश स्थापित

- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस उपलब्धि पर जताई प्रसन्नता**
- **वैशाखी और बाबा साहेब की जन्म जयंती पर कार्य हुआ संपन्न**

**अयोध्या, 14 अप्रैल (वार्ता). अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में सोमवार को ब्राह्मणों की उपस्थिति में वैदिक विधि-विधान के साथ मुख्य शिखर पर कलश स्थापित किया गया. यह पवित्र कार्य सुबह 9:15 बजे शुरू हुआ और 10:30 बजे शिखर पर कलश की स्थापना पूरी हुई. इस अवसर पर अयोध्या में उत्सव का माहौल रहा और स्थानीय लोगों ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया.**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि वैशाखी और बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जन्म जयंती के शुभ अवसर पर यह कार्य संपन्न हुआ. अब मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वजदंड स्थापना की प्रक्रिया शुरू होगी. मंदिर निर्माण प्रगति पर है.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि राम मंदिर का निर्माण न केवल आध्यात्मिक, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है. उन्होंने कहा की अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण देशवासियों की आस्था और संकल्प का परिणाम है. यह भारत की सनातन संस्कृति को विश्व पटल पर और सशक्त करेगा. योगी ने ट्रस्ट और निर्माण कार्य से जुड़े सभी लोगों की सराहना की और इसे नए भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया. अयोध्या को विश्वस्तरीय तीर्थस्थल बनाने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है. सड़क, रेल और हवाई संपर्क के साथ-साथ पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है.

> चंपत राय ने जानकारी दी कि मंदिर परिसर से अब निर्माण मशीनें हटाई जाएंगी. प्रथम तल पर राजा राम, परकोटे और सप्तऋषियों के मंदिरों में मूर्तियों की प्रतिष्ठा का कार्य भी शीघ्र शुरू होगा. मंदिर का निर्माण कार्य निर्धारित समय पर आगे बढ़ रहा है, जिससे भक्तों में उत्साह है.

**श्रद्धांजलि** | भीम जन्मस्थली में धर्मशाला निर्माण के लिए सरकार देगी 3.5 तीन एकड़ जमीन

# डॉ.अम्बेडकर का योगदान भूतो न भविष्यति : सीएम

नव भारत न्यूज

**इंदौर. डॉ अंबेडकर ने समाज उत्थान और सर्वहारा वर्ग के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है. इस कारण ही भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना है. अंबेडकर का योगदान बहुआयामी है, उन्हें भाविश के चुनौतियों का आभास हो चुका था. यह बात अलग है उनका जीवन बहुत कठिनाइयों में बीता है, लेकिन उन्होंने स्वयं केडी संघर्ष से सीख लेकर दूसरों के जीवन यापन में मदद की.**



यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने महू में डॉ अंबेडकर जयंती के अवसर पर कही. मुख्यमंत्री यादव सुबह 11.30 बजे महू स्थित अंबेडकर स्मारक पहुंचे और प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इसके बाद मुख्यमंत्री ने अस्थि कलश पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर स्मारक का अवलोकन किया. उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने 20 वीं शताब्दी में ऐसे अनेक उल्लेखनीय कार्य किए, जिनसे 1000 वर्ष की गुलामी की विसंगतियां दूर हुईं. इसी आधार भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है. बाबा साहब ने स्वयं की शिक्षा में कोई कसर नहीं रहने दी.( शेष पेज 12 पर )

### पुस्तक का विमोचन किया

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंचासीन अतिथियों ने संवैधानिक सामाजिक न्याय : एक चिंतन पुस्तक का विमोचन किया. उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवियों को भीम रत्न अवार्ड से सम्मानित किया. कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक उषा ठाकुर ने स्वागत भाषण दिया. कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह ने भी सम्बोधित किया.